एयू कॉर्पोरेट एडवाइजरी ने डब्ल्यूएचटीएनओडब्ल्यू के साथ की साझेदारी

मुंबई, (पंजाब केसरी) : देश में कॉर्पोरेट एवं कानूनी सलाह के क्षेत्र की अग्रणी संस्था के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले कॉर्पोरेट एडवाइजरी एंड लीगल सर्विसेज ने भारत में साइबर–बुलीइंग के ख़तरे का सामना कर रहे हर व्यक्ति की अनमोल जिंदगी बचाने और उसकी हिफाजत करने के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। एयूसीएल ने नई राह दिखाने वाली इस पहल के लिए, आज साइबर उत्पीड़न और साइबर–बुलीइंग के खिलाफ युवाओं की आवाज–डब्लूयु एच टी एन ओ डब्लूयु के साथ साझेदारी की घोषणा की है।